प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड और बिहार समेत देशभर में सूर्य उपासना और लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। छठ व्रति और श्रद्धालु आज शाम अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर छठ घाटों पर व्यापक प्रबंध किये गये हैं। छठ पूजा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोगों को बधाई दी है।

****************

त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल द्वारा आज भी कई विशेष रेल गाड़ियां चलाई जा रही हैं। हटिया–दुर्ग स्पेशल ट्रेन का भी आज परिचालन किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य मार्गों पर भी त्योहारी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भारतीय रेल ने व्यापक स्तर पर प्रबंध किए हैं। रेलवे स्टेशनों पर भी आरपीएफ के जवान रेल गाड़ियों में लोगों को बैठाने में मदद कर रहे हैं। इसके अलावा लगातार अनाउंसमेंट के माध्यम से यात्रियों को ट्रेनों के संबंध में जरूरी जानकारियां दी जा रही हैं ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो। रेलवे के कर्मचारी भी यात्रियों को भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

****************

लोक आस्था के महापर्व के इतर राज्य में आज कल लोकतंत्र का महापर्व भी चल रहा है। प्रचार और जनसंपर्क अभियान में सभी गठबंधन और पार्टियों के नेता खूब पसीना बहा रहे हैं। छठ के बाद इसमें और तेजी आने की संभावना है। प्रधानमंत्री सह भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी प्रचार के सिलसिले में दूसरी बार दस नवंबर को राज्य के चुनावी दौरे पर आयेंगे। वे रांची और चंदनकियारी में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भी नौ नवंबर को चुनावी सभा प्रस्तावित है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बाद अब पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी झारखंड में प्रचार की कमान संभालेंगे। उनकी कल और परसों चुनावी सभा प्रस्तावित है। ग्यारह नवंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एक बार फिर झारखंड आ सकते हैं।

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता अपनी–अपनी जीत के दावों के साथ एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर घुसपैठियों को संरक्षण देकर आदिवासी और हिंदू समाज के अस्तित्व को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। इधर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला में पार्टी प्रत्याशी गणेश महली के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील की।

****************

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के बेहतर प्रदर्शन का भरोसा जताया है। लोहरदगा में पार्टी नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में है।

****************

कोई भी वोटर मतदाता पर्ची का इस्तेमाल मतदाता पहचान पत्र के रूप में नहीं कर सकता है। इस संबंध में चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया गया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****************

राज्य में ठंड में धीरे धीरे वृद्धि हो रही है। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान बीस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में काफी अंतर चल रहा है। हालांकि राज्य में आज कल मौसम शुष्क बना हुआ है। अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। 12 नवंबर तक सुबह के समय कुहासे की स्थिति रह सकती है।

****************